# है दीवाने तेरे

श्याम ऐसी कृपा बरसा दे,
है दीवाने तेरे,
है दीवाने तेरे,
इन दीवानो से अंखिया मिला ले,
श्याम ऐसी कृपा बरसा दे।।

बिन तुम्हारी मेहर ऐ कन्हैया,
बिन तुम्हारी मेहर ऐ कन्हैया,
कैसे संवरेगी ये,
कैसे संवरेगी ये,
ज़िंदगानी मेरी समझा दे,
श्याम ऐसी कृपा बरसा दे।।

धन दौलत की किसको तमन्ना,
धन दौलत की किसको तमन्ना,
मैं भिखारी तेरे,
मैं भिखारी तेरे,
दर्शनों का तू दर्शन करा दे,
श्याम ऐसी कृपा बरसा दे।।

मेरे दिल को लगन बस तुम्हारी,
मेरे दिल को लगन बस तुम्हारी,
‘नंदू’ कुछ ना मिले,
‘नंदू’ कुछ ना मिले,
प्रेम गंगा में डुबकी लगा दे,
श्याम ऐसी कृपा बरसा दे।।

चाहूँ चरणों में तेरे ठिकाना,
चाहूँ चरणों में तेरे ठिकाना,
तेरी मर्जी है क्या,
तेरी मर्जी है क्या,
फैसला श्याम अपना सुना दे,
श्याम ऐसी कृपा बरसा दे।।

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26006/title/hai-diwane-tere

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |